तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 22 मार्च 2024



11 जिला में टॉप रहने वाले शिक्षकों का हुआ सम्मान





12 कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में ताम्रध्वज...







क्षेत्र का पहला व एक मात्र सर्व सुविधा युक्त
मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
रात में भी सोनोग्राफी और सी टी स्कैन
सर्वश्रेष्ठ आई सी यू एवम् विशेषज्ञ
डायलिसिस सेंटर
हृदय उपचार (इकोकार्डियोग्राफी)

डॉ. श्वेता पांडेय
एम् बी बी एस, डी एन बी जनरल मेडिसिन, फेलोशिप इकोकार्डिओग्राफी
डॉ. भावेश पटेल
एम् बी बी एस, एम एस, हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुष शर्मा
एम् बी बी एस, डी एन बी रेडियोलोजी

Sanjeevani
Multispeciality Hospital
अधिक जानकारी के लिए अभी संपर्क करें:
+91 80859 00763, +9 93408 01080
महिंद्रा ट्रेक्टर शोरूम के पास, रायपुर रोड, नवापारा, राजिम, रायपुर (छ.ग.)
सदैव आपके लिए, आपके साथ


## खबर संक्षेप



### पानी टंकी फूटी बदलने की मांग

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के ओडिशा सीमा से लगे सुक्लीभाठा, बरहीगांव में पानी सप्लाई के लिए लगाये गये पानी का टंकी पिछले डेढ वर्षों से फूट गया है। जिससे गांव में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कई बार ग्रामीणों ने इस पानी के टंकी को बदलने का मांग कर थक चूके हैं, लेकिन अब तक संबधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया है। जबकि अभी गर्मी के तीन माह बांकी है और पानी के लिए गांव में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना का भी लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा हैं।

### कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**राजिम।** साहू छात्रावास राजिम में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन 22 मार्च को सुबह 11 बजे से आयोजित होगा। नपा के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में महासमुंद क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू व प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल शामिल होंगे।

### 34 पौवा जब्त एक गिरफ्तार

**अभनपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सारखी मोड़ के समीप अवैध शराब के साथ राकेश जांगड़े पिता बडक़ू जांगड़े उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम गातापार थाना कुरूद को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2)के तहत कार्यवाही करते जेल भेज दिया गया है। मिली जानकारी अनुसार अभनपुर पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना मिली की सारखी मोड़ मे एक व्यक्ति सफेद रंग के बोरे मे शराब लेकर खड़ा हुआ है जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसके पास से 34 पौवा देशी शराब जप्त किया गया।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** नयापारा के शंकर मंदिर के पैसों के लेनदेन को लेकर युवक से मारपीट की घटना हुई है। प्रार्थी माधव कुर्रे पिता नरेश कुर्रे (22) वार्ड 08 नयापारा ने पुलिस को बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर आरोपी फैजान खान निवासी नयापारा ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी युवक पर अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### कार ने मोटर साइकिल को मारी टक्कर

**महासमुंद।** बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर मोड़ बिहारी ढाबा के पास एक कार की टक्कर से बाइक में सवार पति-पत्नी को चोटें आई है। प्राथी राजू राणा पिता सुखीराम राणा (42) निवासी गाताडीह जिला सारंगढ़ ने बताया कि उक्त घटनास्थल पर कार क्रमांक सीजी 04 एमजेड 1318 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 0720 को टक्कर दिया। घटना में बाइक में सवार प्रार्थी और उसकी पत्नी को चोटें आई। मामले में पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को घर पर वोटिंग की मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिले में तैयारियां शुरू हो चुकी है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्रों में सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं (एएमएफ) विकसित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं के तहत दिव्यांग, वृद्धजन एवं निःशक्त मतदाताओं हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर अच्छी हालत की पर्याप्त संख्या में व्हील चेयर की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत प्रत्येक मतदान केंद्र भूतल पर व्यवस्था की जा रही है। साथ ही मतदान केंद्र भवन तक पहुंचने के लिए अच्छी स्थिति में पहुंच योग्य सड़क सुनिश्चित की जा रही है। मतदान केंद्र पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं के तहत पीने का पानी, प्रतीक्षा शेड, पानी की सुविधा के साथ दिव्यांग मतदाताओ के अनुकुल शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए उचित ढाल का स्थायी रैंप और निर्धारित मानकों के अनुसार मतदान कक्ष निर्मित की जा रही है। मतदान दिवस को दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के सहयोग हेतु एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड के स्वयंसेवकों की नियुक्ति कर मतदान केन्द्र में उनके सहयोग हेतु सेवाएं ली जायेगी। मतदान केंद्र पर मतदान हेतु आने वाले दिव्यांग ▶▶|शेष पेज 11 पर

## जिले के मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए रहेगी उत्तम व्यवस्थाएं

### घर से मतदान कर सकेंगे मतदाता

मतदान केंद्र पर स्थापित होने वाले मतदाता सहायता बूथ की जानकारी दिव्यांग मतदाताओं को देने हेतु साइनेज चस्पा किया जायेगा। दिव्यांग एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ष के वरिष्ठ मतदाताओं में से इच्छुक अनुपस्थित मतदाताओं के द्वारा फॉर्म-12डी के माध्यम से विकल्प देने की स्थिति में उन्हे पोस्टल बैलेट के माध्यम से घर से ही मतदान की सुविधा प्रदान किया जायेगा। कलेक्टर अग्रवाल ने उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने हेतु जिलें में उप संचालक समाज कल्याण विभाग को जिला निःशक्तता समन्वयक बनाया है। साथ ही उन्हे व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है।

**खास बातें**

- पेयजल, रैंप, शौचालय, प्रकाश, शेड एवं व्हीलचेयर की रहेगी सुविधा
- जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की जा रही सुनिश्चित

### दृष्टिबाधित व्यक्ति को सहयोगी ले जाने की सुविधा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा के लिए सक्षम एप्प का निर्माण किया गया है। आयोग के निर्देशानुसार मतदान तिथि को मांगे जाने पर दिव्यांग एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके घर से लाने एवं मतदान पश्चात उन्हें वापिस उनके घर तक छोड़ने हेतु निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराया जायेगा। निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के नियम 49एन के प्रावधान के परिपालन में मतदान केंद्र पर दृष्टिबाधित व्यक्ति को अपने साथ सहयोगी के रूप में एक साथी को ले जाने हेतु अनुमति रहेगी। मतदान केंद्रों पर दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ब्रेल लिपि में डमी मतपत्र मुद्रित कराकर रखा जायेगा एवं मांगे जाने पर संबंधित मतदाता को उपलब्ध कराया जायेगा। दृष्टिबाधित मतदाताओं की सुविधा हेतु ईवीएम मशीन पर ब्रेल लिपि में मुद्रित प्रत्याशियों का नाम मुद्रित कराया जायेगा।

**हादसा :** गंभीर मजदूर का रायपुर के निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

# आंधी के बाद आई बारिश में टिन शेड गिरने से 3 मजदूर घायल, एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

मंगलवार को आंधी के बाद आफत बनकर आई बारिश में एक व्यक्ति को गंभीर रूप से रामकृष्ण हास्पिटल रायपुर भर्ती कराया गया और अन्य तीन को मामूली चोट आई है। तीन लोग चोटिल हुए व मोटरसाइकिल भी चपेट में आया। जिला विपणन संघ गरियाबंद का जिला धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा में मंगलवार को शाम 4 बजे भारी आंधी तूफान के साथ बारिश हुई। वहां उस वक्त धान संग्रहण केंद्र कुण्डेल भाठा में ठेकेदार के अन्दर कार्यरत 28 मजदूर मौजूद थे। वह सब मजदूर आंधी तुफान और बारिश और काली घटा से बचने केन्द्र के अन्दर एक टीना शेड की दिवाल की आट में खड़े थे। कि अचानक टीना का छप्पर भारी आवाज से उड़ गया। जिसमें ओमकार सोनवानी टीना शेड और लकड़ी के बीच फंस गया। कुछ देर तक किसी को कुछ समझ नहीं आया। सब अपने बचाव में लगे रहे। उस समय काली अधंरा घटा भी था। तब मजदूर दबे रहा। जैसे किसी की नजर पड़ी तो सबने मिलकर बाहर निकाला। और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फिगेंश्वर, राजिम फिर गंभीर स्थिति देखते रामकृष्ण हास्पिटल ▶▶|शेष पेज 11 पर

- मजदूरों ने घटना के बाद जीवन सरक्षा मांग पर कार्य का किया बहिष्कार



### नियमानुसार भुगतान व कार्य हो रहा है: अमित चन्द्राकर

विज्ञापन संघ जिला अधिकारी अमित चन्द्राकर ने कहा किसी भी मजदूर का शोषण जैसे बात नहीं है। भुगतान कोई गड़बड़ी उनको है तो लिखित पत्र देवें। जांच किया जायेगा व नियमानुसार कार्यवाही किया जायेगा। वही 19 मार्च की घटना में घायल मरीज ओमकार सोनवानी कूण्डेल का रामकृष्ण हास्पिटल रायपुर में समुचित व्यवस्था के साथ ईलाज जारी है। किसी अनहोनी पर प्राकृतिक आपदा 6/4 नियमानुसार लागु होगा।

### मजदूरों का हो रहा शोषण, कार्य अवधि असीमित

जिला संग्रहण केंद्र कुण्डेल भाठा में मजदूर विगत 10 वर्षों से अधिक समय से काम करते आ रहे। मजदूरों के सरक्षंक सरपंच राजेश सिन्हा सहित 28 मजदूर, 12मुंशी कार्यरत मजदूर ने कहा नियम विरुद्ध मजदरी भुगतान किया जा रहा है। सभी मजदूर श्रम कार्डधारी है। शासन के अधिन जोखिम भरे कार्य कर रहे मजदूर हेमाल को जिला प्रशासन द्वारा नियत देय राशि प्राप्त नहीं हो रहा है। किसी प्रकार भुगतान पंजी का संधारण नहीं है। प्रशासन की सह पर ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य सेवा लिया जाता है। ओवर टाइम कार्य कराते हैं जिसका कोई भुगतान नहीं करते हैं। मांग रखे जाने पर काम से निकाल देने की हूकुम देते हैं। श्रम विभाग पर भी आरोप है जिला में जोखम कार्य में लगे मजदूरों कीज समस्या को जानने का प्रयास नहीं करते हैं। जोखिम भरे कार्य के जीवन सुरक्षा नियमानुसार किया जाना चाहिए। इसलिए ठेकादार को शासन के नियमानुसार भुगतान किया जाने की मांग किया गया है, अतिरिक्त समय काम लेने का उल्लेखनीय है कि संग्रहण केन्द्र स्थल में हाथी का कभी कभी धान की लालच में आ जाते हैं। कुछ वर्ष पूर्व एक रात्रि कालीन मजदूर की हाथी ने कुचल जाने से मृत्यु हो गया था। तब से भय बना हुआ है।





# होली पर्व को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक में होली को लेकर चर्चा की गई, तहसीलदार छुरा सतरुपा साहू की अध्यक्षता में थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी प्रवीण भारती द्वारा शांति समिति की बैठक ली गई। जिसमें बैठक में गणमान्य नागरिक, पत्रकार सहित व्यापारी गण उपस्थित थे। थाना प्रभारी प्रवीण भारती ने होली त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील करते हुए बताया गया कि हर वर्ष होली उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। थाना प्रभारी ने कहा कि इस बार आचार संहिता लागू है। इसलिए डीजे के लिए अनुविभागीय अधिकारी से अनुमति जरुरी है। साथ ही साथ चौक -चौराहा पर जवान तैनात करने की बात कही। होलिका दहन, होली के दिन पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी बढ़ाने की भी मांग की है। विशेष कर नशे में इधर-उधर घूम कर लोगों को परेशान करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई। जिस पर थाना प्रभारी ने सभी को स्पष्ट किया है कि किस प्रकार कहीं दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। तत्काल कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा चार पहिया गाड़ियों में प्रेशर हार्न में एवं दो पहिया वाहनों के बुलेट में साइलेंसर में आवाज करने वालों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई का संदेश दिया है एवं सभी से अपील की है कि त्योहार के अवसर पर एक दूसरे के साथ शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं किसी प्रकार की शिकायत हो तो पुलिस को सूचना दे, ताकि कार्रवाई तुरंत किया जा सके। इस ▶▶|शेष पेज 11 पर

# कलेक्टर ने 24 कर्मचारियों को थमाया शो काज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला कार्यालय अंतर्गत सरकारी कामकाज की पड़ताल करने कलेक्टर दीपक अग्रवाल बुधवार को सुबह सवा दस बजे अचानक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय गरियाबंद पहुंच गए। कलेक्टर के निरीक्षण में सीएमएचओ कार्यालय की कलई खुल कर सामने आ गई। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी रूम में घुस कर विभागवार निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ▶▶|शेष पेज 11 पर

# बैलगाड़ी को हांकते विधायक ने निकाली सरपंच की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

इन दिनों शादी विवाह का दौर जारी है ऐसे में गरियाबंद जिले के एक युवा सरपंच ने अपने दुल्हन को बिहाने बैलगाड़ी में सवार बारात लेकर पहुंचे। दूल्हे के बाराती बन बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव भी दूल्हे को बैलगाड़ी में बिठाकर बैलों को हांकते हुए बारात में शामिल हुए। इस तरह से बारातियों का उत्साह और दोगुना हो गया। जानकारी के अनुसार गंगईपुरी से कोकड़ी बारात के लिए बैलगाडी लेकर पहुंचे ग्राम पंचायत कस के युवा सरपंच रविन्द्र कुमार ध्रुव का बारात आज बुधवार को कोकडी के लिए रवाना हुआ तो सरपंच ने लग्जरी वाहनों को छोड़कर अपने पुराने रिवाज के अनुसार बैलगाडी से बारात निकाला दुल्हा बैलगाडी में सवार था और उनके ▶▶|शेष पेज 11 पर

बैलगाड़ी में बाराती देखने उमड़ी लोगों की भीड़



## आधुनिकता निगल गई कई परंपरा

# विलुप्त होती जा रही फाग गीतों की परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

फाल्गुन माह शुरू हुए कई दिन हो चुके हैं। पर रसेला सहित क्षेत्र में कहीं भी नगाड़े की थाप सुनाई दे रही है और न कहीं फाग गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। नगाड़े की थाप और रसभरी गीतों की गूंज लोगों को आल्हादित कर देती है पारंपारिक गीत लोगों के उत्साह को दोगुना कर देते हैं। पर समय के साथ -साथ फाग गीतों की परंपरा विलुप्त होती जा रही है। लेकिन इस साल कही भी नगाड़े की थाप सुनाई नहीं दे रहा है। रगों का पर्व होली को अब 3 दिन ही बचे हैं। परंतु गांव से लेकर शहरों तक फागुन का रंग नजर नहीं आ रहा है। स्थिति यह है कि मोहाल्लों में नगाड़ों की धूम से लेकर बाजारों में भी रौनक गायब दिखाई दे रही है। होलिका दहन को लेकर युवाओं की तैयारियां भी अभी पीकी है। रसेला के सप्ताहिक बाजार में नगाड़े बेचने पहुंचे थे। वह नगाड़े बजा बजाकर लोगों को खरीदने के लिए प्रेरित कर रहा था। उन्होंने बताया कि एक जोड़ नगाड़े का दाम आठ सौ से लेकर एक हजार तक है। छोटे नगाड़े की कीमत 30 से 40 रूपए तक है। उन्होंने बताया कि नगाड़ा बनाने में बकरे व अन्य जानवरों के चमड़े का इस्तेमाल किया जाता है। रंगोत्सव होली में चंद दिन शेष होने के बाद भी लोगों में नगाड़ों के प्रति दिलचस्पी नजर नहीं आ रही है। लोगों का मानना है कि त्योहार तो अब बच्चों व युवाओं का ही रह गया है। नोहर सिंह ठाकुर ने कहा कि अब यह परंपरा बीते दिनों का इतिहास बनती जा रही है।



### त्योहार की चमक पड़ रही फीकी

फाग गीत का मुख्य उद्देश्य आपसी स्नेह और सद्भावना में वृद्धि कर सामुदायिक एकता की भावना को गाढ़ा करना होता है, लेकिन नई पीढ़ी अपनी परंपराओं को छोड़ती जा रही है। मनोरंजन के कई साधन हो चुके हैं। लोग टीवी, साउंड, डीजे इन सब में होली गीत सुनना पसंद कर रहे हैं। गांव के लोग एकत्रित होते थे, आपस में गले मिलते थे। न कोई जाति देखता न धर्म, लेकिन अब तो होली शराब और फूहड़पन का होली बनकर रह गया है। आधुनिकता के इस दौर पर सब तीज त्यौहार की चमक फीकी पड़ती जा रही है। सीता राम यादव ने कहा कि समय के साथ लोगों के विचार बदल रहे हैं और परंपरा समाप्ति की ओर है। हमारे गीतकार भी पारंपारिक गीतों को सहज कर रखने में असफल साबित हुए हैं।

# डीपी ठाकुर बने निःशक्तता समन्वयक

**गरियाबंद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान प्रत्येक मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर सुनिश्चित करने न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे पीने का पानी, प्रतीक्षालय, शेड, शौचालय, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था, स्थायी रैंप, निःशुल्क परिवहन एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने संबंधी जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के लिए जिला स्तर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक डीपी ठाकुर को जिला निःशक्तता समन्वयक नियुक्त किया है।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप



## समर कैंप में बच्चों ने सीखी अनेक विधाएं

**रायपुर।** शिवांश इंटरनेशनल स्कूल काठाडीह में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन बुधवार को किया गया। इस समर कैंप में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों सहित स्कूल और आसपास के करीब 900 बच्चों ने भाग लिया। समर कैंप में बच्चों को जुंबा, डांस, म्यूजिक, योगा, वॉलीबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, शतरंज, कैरम, ड्राइंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, कोडिंग, रोबोटिक्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, अबेकस, वैदिक मैथ्स, मेंटल मैथ्स, सेल्फ डिफेंस, पॉटरी मेकिंग, सिखाया गया। समर कैंप के समापन के अवसर पर स्कूल की प्राचार्या दीपाली त्रिपाठी ने बच्चों को सर्टिफिकेट प्रदान किया तथा उनके द्वारा सीखी गई कला को जीवन भर संवारने की सलाह दी।

## छात्र-छात्राओं सहित 150 लोगों ने किया भोजन



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर डायमंड की ओर से शासकीय योजनानुसार शासकीय मीडिल स्कूल बढ़ईपारा में बुधवार को भोज न्योता का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित 150 लोग लाभान्वित हुए। इसके अंतर्गत स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन परोसा गया। मनशीश केजू ने बताया कि हाईस्कूल की प्राचार्य गायत्री शर्मा, प्रधान पाठिका प्रणीता सोनी सहित माध्यमिक तथा हाईस्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थियों ने भोजन किया। संकुल समन्वयक राजेंद्र बंजारे भी शरीक हुए। क्लब की चार्टर प्रेसिडेंट माला पॉल, अध्यक्ष नीतू निर्मलकर, कोषाध्यक्ष संगीता सालोमन, हेमंत निर्मलकर, अरुण सालोमन, ऋषिका झा, ऋषि, शिखा, डीके दानी ने सभी को भोजन परोस कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराईं।

## नातिन धोबिन दाई मेला के लिए सीएम को आमंत्रण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ धोबी समाज ने नातिन धोबिन दाई मेले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। साथ ही सहमति मिलने पर रजक महोत्सव का आयोजन करने की भी जानकारी दी। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह धोबी जाति को छग में अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए। धोबी के कार्य केवल धोबी को ही मिले दूसरे जाति के लोग इस कार्य में डाका डाल रहे हैं उस पर रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था महाराष्ट्र में लागू है और उदाहरण सप्रमाण प्रस्तुत किया। मेडिकल कॉलेज, अस्पतालों, मल्टीनेशनल होटल में गैर धोबी जाति को वेंडर नहीं बनाने का भी अनुरोध किया। सीएम ने समाज की मांगों को गंभीरता सुनी और कहा कि जो मांग जायज है अवश्य पूरी की जाएगी। इसी दौरान हेमंत निर्मलकर, धनेश्वर निर्मलकर, कुंभ निर्मलकर, अमन निर्मलकर समेत समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्मार्ट सिटी एमडी ने किया छुहिया तालाब का निरीक्षण

**रायपुर।** स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा ने टिकरापारा के समीप लगभग दो एकड़ क्षेत्र में बने छुहिया तालाब में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। तीन दशक पुराने इस तालाब का कायाकल्प रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड कर रहा है। उन्होंने अंतिम चरण के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश प्रभारी इंजीनियर एवं कार्य एजेंसी को दिए है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड के छुहिया तालाब को प्रदूषण मुक्त रखने एवं इसके कायाकल्प की योजना पर काम किया जा रहा है। इसके अंतर्गत एक मीटर चौड़ाई के नालियों का निर्माण कर तालाब में पहुंचने वाले प्रदूषित जल को डायवर्ट करने की व्यवस्था की गई है। तालाब गहरीकरण के साथ ही टो-वॉल पीचिंग व आने जाने वालों की सुविधा के लिए पाथवे और रोशनी व्यवस्था की गई है।

# अंचल के गौठानों में चारा-पानी नहीं मिलने से भटक रहे मावेशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

इन दिनों एक बार फिर रसेला सहित क्षेत्र में जानवर भटकते हुए दिखाई दे रहे हैं। मुख्य मार्गों पर आवा जाही रास्तों में जानवरों के घुमने एवं बैठने से कभी भी दुर्घटना की आंशका बनी रहती है। गांव गांव में दो चक्का वाहनों की बहूतायत एवं नाबालिको नौसिखिया के दो चक्का वाहनों के धड़ल्ले से दौड़ाने एवं यहां वहां यदा कदा बैठे जानवर के कारण यातायात काफी असुरक्षित होते जा रहा है। मुख्य मार्ग पर इन दिनों भारी संख्या में गायों का झुंड देखा जा सकता है झुंड से इस व्यस्त मार्ग में दुर्घटना होना लाजिमी है। पिछली सरकार के कार्यकाल में गौठान योजना पूरे प्रदेश में प्रभावी रही थी प्रत्येक गांवों में बनने वाले इस गौठान इस गौठान में गायों की देखरेख से लेकर उनके खाने पीने उनके गोबर और गौ मूत्र तक की समुचित व्यवस्था बनाए जाने की स्कीम भले ही आज पलाप कहीं जा रही है लेकिन एक बात तो तय थी कि इन गौवशो को भूखा नहीं रहना पड़ता था। गौठान योजना को समाप्त करने के निर्णय से आज ये जिस तरह चारे पानी की तलाश में भटक रहे हैं, उसे देखते हुए आमजनों के पूर्ववर्ती सरकार की योजना की याद दिला रही है।

## खेतों में घुसकर फसल को कर रहे चौपट



### आवारा पशुओं से किसान परेशान

क्षेत्र में रबी फसल ली जा रही है जहां गाय खेतों में घुसकर फसल चौपट कर रहे हैं, जिससे किसानों के भीतर अपनी फसलों की सुरक्षा को लेकर एक तरह का भय व्याप्त है। मालूम हो कि अपने गाय, बैल, भैंस को कोचिया को बेच रहे हैं। इससे पशुपालकों में गहरा रोष है। क्योंकि कोचिया यहां से खरीद कर उड़ीसा में लें जाकर कटनी मैं बेच देते हैं। दूसरी तरफ रबी फसल लेने वाले किसानो बताया कि दिन में जैसे- तैसे रखवाली कर लेते हैं मगर रात के समय खेतों में घुस रहें जानवरों से काफी परेशान हैं। रतजगा करके अपनी खेत की रखवाली कर रहे हैं।

## सम्मेलन : पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर विश्वास कर रहा है - विधायक

# जिला पंचायत सदस्य, सरपंचों सहित 1597 लोगों ने किया भाजपा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राजिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के कोने कोने से जिला पंचायत सभापति,जिला पंचायत सदस्य,सरपंच प्रतिनिधि व कांग्रेस,जोगी कांग्रेस के नेताओं सहित 1597 लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया। मंगलवार को राजिम विधानसभा क्षेत्र के फिंगेश्वर में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा की उपस्थिति में अबकी बार 400 पार के नारे के साथ 1597 लोगों ने भाजपा में प्रवेश किया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे, फिरतुराम कंवर एवं जनपद सदस्य सहित दर्जनों सरपंचों पंचों का भारतीय जनता पार्टी में गमछा पहनाकर प्रदेश अध्यक्ष व सभी वरिष्ठ नेताओं ने शामिल कराया जिसका नेतृत्व स्थानीय विधायक रोहित साहू ने किया।सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सबका साथ सबका विकास के संकल्प और स्थानीय विधायक रोहित साहू की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया है। सभी नवप्रवेशी को भाजपा प्रदेशअध्यक्ष किरण सिंह देव व कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने सभी को गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। मोदी की गारंटी पर विश्वास भाजपा विधायक रोहित साहू ने कहा कि पूरा देश मोदी जी की गारंटी पर विश्वास कर रहा है तब मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव के सुशासन की बयार से हमारा क्षेत्र कैसे अछूता रह सकता था? लोग कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से ऊब चुके हैं और मोदीजी के नेतृत्व में सभी चलना चाहते हैं तथा 400 सीटों के लक्ष्य को प्राप्त करने में सभी अपना योगदान दे रहे हैं।





### इनकी रही सहभागिता

कार्यक्रम में सांसद चुन्नीलाल साहू, लोकसभा प्रभारी मोती लाल साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, लोकसभा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, विधायक रोहित साहू, लोकसभा सह प्रभारी व विधायक श्रीमती भावना बोहरा, लोकसभा सहसंयोजक संतोष उपाध्याय, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, रुपनारायण सिन्हा, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू, विधानसभा संयोजक भागवत हरित, राम कुमार साहू, अशोक राजपूत, महामंत्री अनिल चन्द्राकर, जिला कोषाध्यक्ष राहुल सेन, जिला उपाध्यक्ष महेश यादव, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू की सहभागिता रही।

### इन्होने ने किया भाजपा प्रवेश

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वालों में जिला पंचायत सभापति मधुबाला रात्रे के साथ 140 कार्यकर्ता, फिरतुराम कवर, सरपंच गण भागवत साहू देवरी के साथ 98, मुन्ना कुर्रे बकली 301, पुनम बंजारे पितईबंद 55, सतीश यादव पोखरा 97, उदय निषाद लचकेरा, टिकेश साहू सेन्दर 85, सिकंदर बंजारे तर्रा, खेमसिंह ध्रुव कुम्ही, कोमल साहू तरीघाट 56, गणेश डहरिया कौंदकेरा, राजेश सिन्हा कुंडेल एवं पूर्व सरपंच अब्दुल सत्तार खान कुंडेल, भागीरथी सिन्हा छुइया, पार्षद दीपक श्रीवास फिंगेश्वर, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश ठाकुर, सेवानिवृत शिक्षक हूकूम सिन्हा बोरसी, किरण टंडन कौंदकेरा, मनहरण साहू भैसातरा तथा दिशांत चन्द्राकर छुरा के साथ 619 कार्यकर्ता, रमेश गोयल कोपरा के साथ 300 कार्यकर्ता सहित अनेक शामिल हुए।

# सड़क के गड्ढे दे रहे हादसों को आमंत्रण

## राहगीर हो रहे परेशान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



गांव को बडे शहरों व नगर से जोड़ने केन्द्र सरकार के काफी महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री ग्राम सडक के तहत चल रहे। दूरस्थ वनांचलो के ग्रामों में निर्माण कार्यों को देखने वाला कोई नहीं है, जिसके कारण संबधित निर्माण एजेंसी द्वारा मनमाने ढंग से निर्माण कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। दूरस्थ वनाचल होने के कारण न निर्माण कार्यो को समय पर मानिटरिंग हो रहा है और न ही कार्यों में गुणवत्ता पर ध्यान दिया जा रहा है ऐसा ही एक मामला गरियाबद जिले के देवभोग ओडिसा सीमा से लगे दीवानमुडा सुक्लीभाठा मार्ग में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण के लिए लाखों रूपये राशि स्वीकृत हुआ है, लेकिन निर्माण कार्य बेहद धीमी गति से चल रहा है और यह ओडिसा को जोडने वाला प्रमुख मार्ग है इस मार्ग में बड़े -बड़े गढ्ढे होने से लोग आये दिनों दुर्घटना के शिकार हो रहे है। इस सबंध में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के सब इंजीनियर एसके दास ने बताया कि निर्माण कार्य दो तीन माह पहले ही प्रारंभ हुआ है और निर्माण कार्यों का समय -समय पर निरीक्षण किया जा रहा है।

# बीईओ ने स्कूलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

मध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वी की बोर्ड परीक्षाएं चल रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले द्वारा लगातार सभी केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे है। शासन निर्देशों का पालन एवं क्रियान्वयन का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 16 परीक्षा केंद्र है कक्षा 12वीं के लिए जिनका लगातार निरीक्षण किया जा रहा है, परीक्षा लगभग 1 मार्च से प्रारंभ हुआ है तब से लेकर अब तक सभी परीक्षा केदो तक पहुंचकर निरीक्षण किया गया है, उन्होंने बताया आज नगर के कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, पिपरछेड़ी सहित पांडुका क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केदो का निरीक्षण किया गया, कक्षा 12वीं के परीक्षा में आज जीव विज्ञान एवं अर्थशास्त्र का पेपर हुआ है जिसमें अलग-अलग केन्द्रों में अलग-अलग उपस्थिति रही एवं कुछ बच्चे अनुपस्थित थे, परीक्षा केंद्र में सफलतापूर्वक परीक्षा संचालन के लिए उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त भी किया है हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 परीक्षा केंद्र क्रमांक 16, कक्षा 12वी विषय जीवविज्ञान, दर्ज 385, उपस्थिति 383, अनुपस्थित 2, कक्षा 12वी विषय अर्थशास्त्र में दर्ज 653, उपस्थित 643 व अनुपस्थित 10 हैं।

## उदंती रिजर्व में भालू...



मैनपुर। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व में लगाये गये ट्रैप कैमरा में एक मादा भालू अपने दो शावक को पीठ में लादकर चलते हुए तस्वीर कैमरे में कैद हुई है।

## नए सीएमओ का स्वागत...



**नवापारा-राजिम।** नवापारा नगर पालिका परिषद में नए सीमएओ प्रदीप मिश्रा का स्वागत सफाई कर्मचारियों ने बुके भेंट कर किया। इस अवसर पर पालिका के सभी सफाई कर्मचारी मौजूद थे।

# सड़क निर्माण के लिए सीएम को विधायक ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर





राजिम विधायक रोहित साहू ने क्षेत्र की सड़कों की चौड़ीकरण, नवीन सड़क की प्रशासनिक स्वीकृति का पत्र सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर निवास पहुंचकर दिया। साथ में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे। विधायक ने यह पत्र क्षेत्र की जनता कि मांग व मंशानुरूप मुख्यमंत्री को पत्र सौंपा है। जिसमें मुख्य रूप से सेंदर से पतोरा मार्ग की प्रशासनिक स्वीकृति देने की मांग किया गया है। क्षेत्र की जनता काफी लम्बे समय से इसकी मांग करते आ रहे। इस बार विधायक रोहित साहू ने स्यंम रूचि दिखाई है। वही बेलटुकरी से तरीघाट, छुईहा, छुरा मार्ग की चौड़ीकरण की मांग पत्र पुर्व में भी दिये गये पर इस फिर संज्ञान में लाये है। इधर विधायक ने बहुत जल्दी इसकी सौगात मुख्यमंत्री के द्वारा मिलेगा। ज्ञापन सौंपते वक्त विधायक रोहित साहू, पूर्व सरपंच रामाधार साहू सेंदर, सरपंच ओमप्रकाश साहू, किशोर साहू उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय राजिम को 5 करोड़ की राशि स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत 5 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है। एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पीएम-उषा से अनुदान हेतु 93 महाविद्यालय से प्रस्ताव मांगे गए थे। उच्च शिक्षा द्वारा आयोजित कार्यशाला में प्राप्त दिशा निर्देशो के तहत शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम के द्वारा ग्रामीण प्रवेश की वास्तविक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न आधारभूत संरचना, निर्माण, उपकरण अतिरिक्त कक्ष और पुराने भवन के जीर्णोद्धार हेतु 5 करोड़ का बजट का प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया था। उच्च शिक्षा विभाग ने 93 महाविद्यालय में से 69 महाविद्यालय का प्रस्ताव भारत सरकार के पीएम-उषा योजना को भेजा था। महाविद्यालय आधुनिकीकरण घटक के अंतर्गत राशि स्वीकृत की गई है। भारत सरकार द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ के शासकीय महाविद्यालयों में से 11 महाविद्यालय को अनुदान हेतु चयनित किया गया है। इन 11 महाविद्यालयों में से शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम को 5 करोड़ की राशि विभिन्न आधारभूत संरचना, उपकरण, सेमीनार, वर्कशाप और अन्य विभिन्न गतिविधियों के लिए स्वीकृत कर दी गई है। आधारभूत संरचना के अंतर्गत सर्व सुविधा युक्त दो स्मार्ट क्लास रूम 400 और 250 स्क्वायर मीटर के लिए 1.32 करोड़, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं संवर्धन हेतु इनक्यूबेशन सेंटर (कौशल विकास केन्द्र) 250 स्क्वायर मीटर के लिए 50.69 लाख, डिजिटल शिक्षा और ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन हेतु उपकरणों से युक्त कंप्यूटर सेंटर 250 स्क्वायर मीटर के लिए 50.69 लाख, वर्तमान में महाविद्यालय के भवन में प्रथम तल पर निर्माण हेतु प्रथम तल में अतिरिक्त कक्ष के लिए 59.88 लाख, आधुनिक पुस्तकालय के लिए डिजिटल लायब्रेरी 300 स्क्वायर मीटर के लिए 57.03 लाख की स्वीकृति की गई है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के निर्मित भवन के जीणोर्धार के लिए 29.95 लाख की राशी की स्वीकृति दी गई है। पुराना भवन में अध्यापन कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष, कमर्स ब्लॉक, कॉरिडोर, टॉयलेट में टाइल्स एवं मार्बल, दिव्यांगजन के लिए रैम्प हेतु भी राशि स्वीकृत की गई। स्मार्ट क्लास रूम, कंप्यूटर रूम, स्किल डेवलपमेंट रूम, रिसर्च हेतु आधुनिक उपकरण व प्रायोगिक सामग्री के लिए भी 1 करोड़ की राशी स्वीकृत की गई है। महाविद्यालय में आगामी 3 से 5 साल में विभिन्न कार्यक्रम करवाने के लिए सॉफ्ट कॉम्पोनेंट एक्टिविटी के तहत 19.50 लाख की स्वीकृति दी गईं है जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम, कॉन्फ्रेंस, सेमीनार, वर्कशाप, वैल्यू एडेड कोर्स, सर्टिफिकेट कोर्स, इंटर्नशिप प्रोग्राम, स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं करियर काउंसलिंग सम्मिलित है।



# सुभाष शर्मा स्त्रोत समन्वयक बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश संयुक्त शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री एवं शास पूर्व माध्यमिक शाला राजिम में पदस्थ शिक्षक सुभाष शर्मा को विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक बनाए जाने पर शिक्षको ने बधाई दिया है। जिसमें नरेश साहू, संजय महाड़िक, कुबेर मेश्राम, नेतराम साहू, रेखू साहू, संतोष ठाकुर, अरुण प्रजापति दीनदयाल साहू, शंकर वर्मा, बलराम साहू, अशोक साहू, नेमू राम साहू, ज्ञानेंद्र शर्मा, संतोष साहू, नीरज साहू, दीप्ति मिश्रा, संध्या अवसरिया, भारती साहू, डोमन सोनकर आदि शामिल है।

## खबर संक्षेप



### हाउसिंग बोर्ड कालोनी में ग्रीष्मकालीन शिविर प्रारंभ

**महासमुंद।** हनीड्यू स्कूल के ग्रीष्मकालीन शिविर (समर कैंप) का शुभारंभ 20 मार्च को हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के सीनियर एमआईजी (एमआईजी) ए 48 भवन में प्रारंभ हुआ। महासमुंद शहर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों के तीन से सात वर्ष के अनेक बालक बालिकाओं ने इस शिविर में प्रथम दिवस भाग लिया। 20 मार्च से 30 मार्च तक चलने वाले इस शिविर के बारे में स्कूल संचालक शाश्वत चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप रमन टोला में प्रारंभ होने वाले इस स्कूल के इस समर कैंप में बच्चों के मानसिक रचनात्मक एवं कलात्मक विकास की ओर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही बच्चे भारतीय संस्कृति के अनुसार संस्कारवान बने, इसका प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रथम दिवस पर बच्चों को गीत संगीत एवं चित्रकारी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रातः 9 बजे से 10:30 बजे तक चलने वाले इस समर कैंप को लेकर बालकों में अपार उत्साह देखा जा रहा है। चोपड़ा ने बताया कि निर्माणाधीन भवन जो रमन टोला मुख्य मार्ग पर स्थित है, इसका निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। माह जून जुलाई में शाला अपने नए भवन में स्थानांतरित हो जाएगी, जहां समस्त सुविधाएं बच्चों के लिए उपलब्ध रहेगी।

### लोहारडीह में स्कूली छात्रों को कराया भोज

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लोहारडीह के शिक्षक डोमन लाल साहू एवं कक्षा सातवी की छात्रा कोमालिया का एक साथ जन्मदिन 20 मार्च बुधवार को मनाया गया। इस मौके पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों को समोसा, बड़ा, जलेबी, अंगूर, संतरा व मीठा परोसा गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख रिपुसूदन पटेल, शिक्षकगण व संकुल समन्वयक गणेश टंडन व फनेंद्र बंजारे मौजूद रहे।

### शिविर में 25 मरीजों का निःशुल्क उपाचार

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिथौरा में निःशुल्क शिविर आयोजित किया गया। इसमें 25 मरीज को उपचार किया गया। डिप्रेशन 5, सायकोसिस 8, एनजायटी 3, ऐल्कोहल विथड्रॉल 1, जीएडी 4, सोमेटो फॉम 1, आर्गेनिक 3 मरीज शामिल है। मरीजों निःशुल्क दवाई के साथ मनो-सामाजिक परामर्श भी दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ बीबी कोसरिया, डॉ चित्रेश डडसेना ब्लॉक नोडल मानसिक स्वास्थ्य, बीपीएम जयकांत विश्वकर्मा, मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय महासमुन्द स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक, गौतम यादव का सहयोग रहा।

### 117 बंदियों को दिया गया मनोसामाजिक परामर्श

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डा पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ बी. माहेश्वरी संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ. छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से जेल अधीक्षक उमेश पटेल, ममता पटेल और समस्त स्टाफ के साथ जिला जेल महासमुंद में बंदियों को मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। बंदियों के बीच कार्य स्थल पर होने वाले तनाव, आत्महत्या जैसे रोकथाम के बारे में भी पूछा गया। 117 बंदियों को दैनिक जीवन में योग साधना से जड़ने के लिए सलाह दिया गया। आपसी सामंजस्य स्थापित करने, अपनी योग्यता को निखारने, एक्सरसाइज़ करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय स्पर्श क्लिनिक से रामगोपाल खूंटे, जागृति साहू आदि मौजूद रहे।

# निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य : मतदान अधिकारी-कर्मचारियों को अच्छे से दें ट्रेनिंग - कलेक्टर

## कलेक्टर ने मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण कार्यशाला में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक अग्रवाल आज लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त मास्टर ट्रेनर की प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने प्रशिक्षण में कहा कि मास्टर ट्रेनर्स निर्वाचन के लिए महत्वपूर्ण कड़ी हैं। मास्टर ट्रेनर्स मतदान अधिकारी - कर्मचारियों को अच्छे से ट्रेनिंग देना सुनिश्चित करें, जिससे निर्वाचन की सभी प्रक्रियाएं आसानी और चरणबद्ध तरीके से संपादित हो। कलेक्टर



### बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला मास्टर ट्रेनर द्वारा सभी मास्टर ट्रेनरों को उनके दायित्वों से अवगत कराया गया। सभी मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारी को वोटिंग की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर पूरे मनोयोग एवं बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करें। यदि किसी प्रकार का कंफ्यूजन है तो बिना किसी संकोच के उसे दूर कर लें। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर हैंड बुक का कम से कम 2 से 3 बार भली-भांति अध्ययन कर लें। उन्होंने कहा कि पीठासीन अधिकारी की भूमिका चुनाव में सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। मास्टर ट्रेनर द्वारा पीठासीन अधिकारियों को अच्छे से प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा एवं वोटिंग की सभी बारीकियां बताई जाएंगी।

श्री अग्रवाल ने कहा कि निर्वाचन प्रशिक्षण उपरांत कर्मचारियों का निर्वाचन प्रक्रियाओं से संबंधित टेस्ट भी आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स प्रशिक्षण में हर पहलू को बारीकी से समझे। आप जितना कुशल प्रशिक्षित रहेंगे निर्वाचन प्रक्रिया उतना ही सरल होगा। आपके कुशल दक्षता से निर्वाचन अधिकारियों को सहयोग होगा। इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को मतदाता सूची के चिन्हित प्रति, डाक मतपत्र, ईडीसी, मतपत्र लेखा, पीठासीन अधिकारी की डायरी, ईवीएम, वीवीपैट मतदान की प्रक्रिया एवं चुनौतियां आदि के बारे में विस्तृत में बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर श्री अरविंद पांडे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राकेश गोलछा सहित जिले के 40 से अधिक मास्टर ट्रेनर्स मौजूद रहे।

## प्रवचन : सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

# सुदामा चरित्र जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की हमें सीख देता है : त्रिभुवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा

ग्राम छुईहा भागवत व्यासपीठ से भगवताचार्य पंडित त्रिभुवन मिश्रा ने कहा कि संसार में ऐसे व्यक्ति जो सत्य को प्रकट करने में किसी भी परस्थिति का सामना करने में नहीं डरते जो कठिन कार्यों को देखकर हिचकिचाते नहीं, जो अपने नाम का ढिंढोरा पीटे बिना ही साहस पूर्वक काम करते जाते हैं। महाराज ने कहा मेरी दृष्टि में वे ही चरित्रवान आदमी हैं। जीवन की स्थायी सफलता का आधार मनुष्य का चरित्र ही है। यदि इसके बिना किसी प्रकार सफलता पा भी ली गई तो जीवन की अंतिम सफलता चरित्र पर ही आश्रित है। सामाजिक प्रतष्ठिा के भागीदार वे होते हैं जिनमें चरत्रिबल होता है। जिस पर सभी लोग वश्विास करते हैं। ऐसे ही लोगों की साख औरों पर पड़ती है। इसलिए सभी समाज में बनाए गए नियम के दायरे व अनुपालन करना चाहिए। जो समाजिक नियमों का उलंघन करता पशुता के समान है। छुईहा में चल रहे भागवत कथा में गुरूवार को भगवताचार्य पंडित भुवन मिश्रा से कृष्ण सुदामा चरित्र का वर्णन





### विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मत्रिता का सच्चा धर्म

उन्होंने बताया कि सुदामा चरत्रि हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है। सुदामा ने भगवान के पास होते हुए अपने लिए कुछ नहीं मांगा। अर्थात नस्विार्थ समर्पण ही असली मत्रिता है। कथा के दौरान कथा के बीच बीच में संगीतमय भजनों पर श्रद्धालुओं ने नृत्य भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रोता मौजूद थे। कथा वाचक ने बताया कि भागवत कथा का श्रवण से मन आत्मा को परम सुख की प्राप्ति होती है। भागवत में बताए उपदेशों उच्च आदर्शों को जीवन में ढालने से मानव जीवन जीने का उद्देश्य सफल हो जाता है। सुदामा चरत्रि के प्रसंग में कहा कि अपने मत्रि का विपरीत परिस्थितियों में साथ निभाना ही मत्रिता का सच्चा धर्म है। मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करें। जो कि मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग दे। कार्यक्रम में विशेष रूप से जनपद पंचायत फिंगेश्वर अध्यक्ष पुष्पा साहू, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, परदेशी राम, दुर्गाराम, सेवाराम, गजेश्वर, कन्हैया, राजाराम, मीरा देवी, किसन, टेमन, कृपाराम, कुंजलाल, हेमलाल, गजेन्द्र, उत्तरा, भारती मिश्रा, नीता, रुपनारायण, गुंजा चेतन, बसन्ती, मोरज, उर्वशी, कौशल, हितेश्वरी, देवेन्द्र गायत्री, थानेन्द्र, भावना, गुलशनलता, शिव कुमार सिन्हा, खोरबाहरा, कीर्तिका, सियाराम, लेखन, ठाकुरराम, गौरी, मालिक साय, नंदनी परसराम, लक्ष्मी धनेश्वर, नरोत्तम सिन्हा व मींजून उपस्थित थी।

सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हुए। छुईहा गांव में स्वर्गीय दर्शन गौंटिया स्व घासिन बाई सिन्हा की स्मृति में खेलन सिन्हा, विमला सिन्हा, नर्मिला सिन्हा, छगनलाल सिन्हा, कृष्णा सिन्हा, राजेश सिन्हा, सीमा, मोरज उर्वशी-चेतन व बसंती की सौजन्य में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छटवां दिन गुरुवार को कथा वाचक पंडित त्रिभुवन मिश्रा ने सुदामा चरत्रि का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मत्रिता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए। मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया कि जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास तो आ सकते थे। लेकिन सुदामा ने मत्रिता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा।

# जिला में टॉप रहने वाले शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिला के छत्तीसगढ़ के सात जिलों में विनोबा ऐप के माध्यम से शिक्षा शिक्षक सहायक कार्यक्रम का संचालन सत्र की शुरआत से किया जा रहा। जिसमें शिक्षको को अपने स्कूल में बच्चो के साथ किए जा रहे विभिन्न नवाचारी गतिविधियों को इस ऐप में अपलोड करते है जिसे अन्य शिक्षक देख कर को गतिविधि उनको अच्छी लगती है उसे वे अपने विधालय में लागू कर सकते है। साथ बोलेगा बचपन के अंतर्गत सभी गतिविधि को भी शिक्षको के द्वारा अपलोड किया जा रहा है जो शिक्षक इसमें प्रथ्म आते है उसे विनोबा ऐप द्वारा गिफ्ट और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है साथ ही इसमें पोस्ट ऑफ माह के लिए जिला स्तर ब्लॉक स्तर और संकुल स्तर पर आने वाले शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। इसी में माह फरवरी में जिला स्तर पर टॉप रहने वाले शिक्षको रामरतन नेताम, संतोष कुमार तारक, शंकर लाल मरकाम, चमेली तीरधारी को प्राथमिक विद्यालय शुक्लाभाठा पहुघ कर विनोबा ऐप जिला समन्वयक दिनेश साहू ने प्रमाण पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया। साथ ही प्राथमिक



विद्यालय शुक्लाभाठा का अवलोकन भी किया, विनोबा ऐप गरियाबंद जिला में अगस्त 2023 से संचालित है तब से लेकर अब तक पीएलसी राजापड़ाव के ये शिक्षक टॉप स्थान पर है। शिक्षको के इस सफलता पर प्रसंशा करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक शिव कुमार नागे, संकुल प्राचार्य खम्भन साहू, तेजराम कंवर, गजानन सोनवानी, संकुल समन्वयक राधेलाल साहू, रसीद खान, हेमंत पटेल ने जिला विनोबा ऐप समन्वयक दिनेश साहू ने बधाई दी और इसी तरह से आगे बढ़ते रहने की शुभकामनाएं दी।

# छुरा व रसेला क्षेत्र के फीडर की विद्युत सप्लाई के लिए की गई मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि वर्तमान में रबी फसल में सिंचाई के लिए अत्यधिक पानी की आवश्यकता हेतु छुरा-रसेला क्षेत्र के किसानों द्वारा कृषि पंप के लगातार उपयोग से लोड असीमित रूप से बढ़ गया है। जिससे लो-वोल्टेज एवं विद्युत कटौती की समस्या हो रही है। जिसके कारण कई जगह विद्युत व्यवधान हो रही इसे सुधार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को रात्रि में कनसिंघी फीडर अंतर्गत ग्राम विजयपुर में एबी स्वीच जम्फर रेड हाट हो रहा था, जिससे विद्युत तार टूटने एवं अप्रिय विद्युत दुर्घटना की संभावना को ध्यान में रखते हुये लाईन के रख-रखाव व मरम्मत कराना आवश्यक था। इसके लिये उक्त फीडर की विद्युत सप्लाई बंद कर एबी स्वीच का मरम्मत किया जा रहा था। क्षेत्र के कनसिंघी फीडर में लो-वोल्टेज व ओवरलोडिंग की समस्या को दूर करने के लिए कैपिसीटर सेट छुरा सब-स्टेशन के यार्ड के बाहर लगाया गया है। जिससे कनसिंघी फीडर में लो-वोल्टेज व ओवरलोडिंग की स्थिति में सुधार हुआ है। कनसिंघी फीडर के ओवरलोडिंग की समस्या के स्थायी निदान के लिये उप केन्द्र छुरा से खरखरा





तक 11केव्ही लाईन विस्तार कर कनसिंघी फीडर को दो अलग-अलग फीडरों में पृथक कर कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता यू एस दीवान ने बताया कि कार्य प्रगति पर है एक-दो दिन में विद्युत सप्लाई नियमित रूप से प्रारंभ हो जाएगी।



# लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में शत प्रतिशत मतदान के संकल्प के साथ स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कलेक्टर दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीता यादव के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम कनसिंघी में विशेष अभियान के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गांव में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए घर-घर जाकर अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए जागरूक किया गया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रीता यादव द्वारा शत प्रतिशत मतदान की शपथ समस्त उपस्थित जनों को दिलायी गयी। साथ ही स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया। रैली में मतदाताओं को जागरूक करने विभिन्न प्रकार के नारे युक्त बैनर एवं पोस्टर का उपयोग किया गया। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों एवं समूह की महिलाओं ने डोर-टू-डोर जाकर लोगों को 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के दौरान अवश्य मतदान करने का संदेश दिया गया।

# माताओं के प्रयास से बच्चों का होगा शैक्षणिक विकास : संतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय प्राथमिक शाला पितईबंद में अंगना म शिक्षा माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम में संकुल समन्वयक संतोष साहू ने कहा कि शिक्षा में गुणवत्ता लाने समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण कदम है जिसके तहत शिक्षा नीति के अनुरूप बुनियादी स्तर पर बच्चों को खेल-खेल में उनकी आयु के अनुसार शिक्षण दिया जाता है। कहा कि माताओं के प्रयास से बच्चो का शैक्षणिक विकास होगा। माता अपने बच्चो को घर में प्रोत्साहित करते रहे। मास्टर ट्रेनर आराधना नाग ने भाषायी गतिविधि के अंतर्गत रिंग फंसाओ और नाम बताओ से संबंधित खेल कराया। बच्चे रिंग में



वस्तुओ को फंसाकर उसका नाम बताया और लिखकर दिखाया। इसी प्रकार से गणितीय गतिविधि भी कराई गई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए विजय महोबिया ने कहा कि इस गतिविधि से अभिव्यक्ति कौशल एवं लेखन कौशल का विकास होगा। आभार प्रदर्शन भारती साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदनी, आरती, नीलम, धनेश्वरी, चित्रारेखा, मंजू, प्रतिमा, अंजू, लक्ष्मी, गुलेश्वरी, जमुना, सरोज, कीर्ति, प्रतिभा का विशेष योगदान रहा।

## पेज 9 के शेष...

### 85 वर्ष से अधिक...

एवं 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को कतार से मुक्ति देते हुए मतदान हेतु वरियता प्रदान किया जायेगा। मतदान कक्ष में दिव्यांग मतदाताओं की विशेष जरूरतों के संबंध में मतदान कर्मियों को संवेदनशील बनाने हेतु उन्हे प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### आंधी के बाद आई...

रायपुर में भर्ती कराया गया है। वहीं इस घटना में गोवर्धन ध्रुव कुण्डेल के सिर पर चोट आई है और हाथ मोच आया है। तो टेकन सिन्हा के सिर में चोटिल हुआ है। यह घटना 19 मार्च को 4 बजे की है। मालमा का उजागर तब हुआ जब कुण्डेल सरपंच राजेश सिन्हा के नेतृत्व में वहां कार्यरत मजदूर जिसमें मनोज, लीलाधर, भोज, देवचंद, हेमू, सुरेश, नकुल, रमेशर, खिलेश्वर, इरफान, मुकेश सहित 27 मजदूर ने कार्य अवधि में जानमाल की सुरक्षा व्यवस्था की गारंटी मांगी। अल्प प्रोत्साहन मानदेय 8937 रूपये मात्र में जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। कार्यलिन समय 9 से 5 बजे बीच किसी अनहोनी दुर्घटना का रिस्ककवर सहित अन्य सुरक्षा देने की मांग तथा पीएफ राशि का समायोजन, ओवर टाइम ड्यूटी का अतिरिक्त भुगतान जिला प्रशासन से किया। अपने साथी की पूर्ण स्वस्थ होते तक चिकित्सा व्यवस्था करने की मांग जिला विपणन संघ अधिकारी अमित चन्द्राकर से किया। इस बीच कुछ घंटे काम बंद कर काम का साकेंतिक बहिष्कार किया गया।

### होली पर्व को लेकर...

मौके पर प्रमुख रुप से नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, मक्कू दीक्षित, सलीम मेमन, वरिष्ट नागरिक नथमल शर्मा, मानसिंह निषाद, दीनू कोठारी, आरिफ बेग, ईस्माइल मेमन, यूनुस मेमन, न्याज अहमद, यशवंत यादव, प्रकाश यादव, पुनितराम ठाकुर व शशांक चौबे मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने 24...

कार्यालयीन समय में मौजूद अधिकारी कर्मचारियों की जानकारी ली। कलेक्टर के निरीक्षण के द्वारा एनएचएम शाखा के 13 एवं सीएमएचओ कार्यालय के 11 कर्मचारी कार्यालयीन समय में अनुपस्थित पाए गए। निर्धारित समय में कर्मचारियों की गैर मौजूदगी पर कलेक्टर बहुत ज्यादा नाराज हुए और कलेक्टर अग्रवाल ने अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही जवाब संतोषजनक ना पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के वेतन कटौती करने के निर्देश दिए। कलेक्टर अग्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचकर शासकीय दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश पूर्व में भी दिए गए थे। उन्होंने कार्यालय में सामग्रियों एवं नस्तियों को व्यवस्थित रखने के भी निर्देश दिए। साथ ही दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन से भी अवगत कराने के लिए निर्देशित किया।

### बैलगाड़ी को हांकते...

बाराती बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव भी उनके साथ बैलगाडी में सवार होकर पहुंचे। लगभग पांच किलोमीटर तक जब बैलगाडी में बारात निकाला तो सब की नजर बारात पर टिक गई और इस आधुनिकता के दौर में चकाचौंध मंहगी लग्जरी वाहनों को छोडकर सरपंच ने जो बैलगाडी में बारात निकाल कर मिसाल कायम किया उसका क्षेत्र के लोगों के द्वारा जमकर प्रशंसा किया जा रहा है।

# कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में ताम्रध्वज ने कहा- प्रत्याशी नहीं कार्यकर्ता जीतता है चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

बिन्द्रानवागढ विधानसभा स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन कुर्मीबासा देवभोग में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व गृह मंत्री एंव महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू जैसे ही पहुंचे कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ फुलमाला से उनका ऐतिहासिक स्वागत किया। कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मै आज बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र में आप से आशीर्वाद लेने आया हूं, मै आपसे कोई बड़े- बड़े वायदे करने नहीं हुआ आया हूं। बल्कि आपको इतना विश्वास दिलाता हूं कि जिस तरह विधानसभा चुनाव में आप क्षेत्र के लोगों ने कांग्रेस पर विश्वास कर जनक ध्रुव को विधायक बनाया है, उसी तरह मुझ पर विश्वास कर मुझे सांसद बनाईये मै इस क्षेत्र के बच्चों के युवाओं के और प्रत्येक ग्रामीणों के विकास के लिए कार्य करूंगा जो कार्य राज्य स्तर का रहेगा उसके लिए संघर्ष करेंगे और जो कार्य केन्द्र स्तर का रहेंगा उसके लिए भी मांग करेंगे। श्री साहू ने कहा कि प्रत्याशी चुनाव नहीं जीतता बल्कि कार्यकर्ता चुनाव जीतते हैं और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसलिए कांग्रेस के एक- एक कार्यकर्ता कल से ही अपने आप को ताम्रध्वज साहू समझकर घर -घर जाकर लोगों से वोट देने की अपील करें। इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भावसिंह साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, उपाध्यक्ष संजय नेताम, ब्लॉक कांग्रेस देवभोग के अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी, मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, अमलीपदर अध्यक्ष ललिता यादव, लोकेन्द्र सिंह कोमर्रा, आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष खेदू नेगी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू का गाजे-बाजे के साथ हुआ ऐतिहासिक स्वागत



### मोदी सरकार ने सभी वर्गों को छलने का कार्य किया

खल्लारी के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि जब से केंद्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनी है, सभी वर्गों को छलने का कार्य किया है। आज देश की जनता से जितना वायदा किया था कोई वायदा पूरा नहीं किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कुंजल यादव, टीकम कपील, दुर्गाचरण अवस्थी, अनुराग वाघे, भविष्य प्रधान, जीवन यादव, गोवर्धन ताम्रकर, अमित मिरी, नेयाल नेताम, अमृत पटेल, उपसरपंच भानू सिन्हा सहित क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में मकसूदन को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं पूर्व संसदीय सचिव मध्यप्रदेश शासन स्व. मकसूदन लाल चंद्राकर के निधन पर ज्ञान ज्योति शिशु मंदिर, स्व. नीलकंठ साकरकर उच्चतर माध्यमिक शाला एवं पद्मावती टांकसाले इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक संतप्त परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने प्रार्थना की गई। शाला परिवार ने शाला के प्रारंभ से आज तक के सहयोग को स्मरण किया तथा शाला परिवार अपनी अपूर्णीय क्षति बताई। इस अवसर पर अध्यक्ष माधवराव टांकसाले मौजूद रहे।

### आस्था साहित्य समिति की परिचर्चा कल

**महासमुंद।** नगर की साहित्य समिति आस्था के संयोजन में शहीदी दिवस पर 23 मार्च को परिचर्चा-क्रांतिवीरों का आजादी का योगदान का आयोजन किया गया। अपरान्ह 3:30 बजे यह आयोजन एस चंद्रसेन के निवास त्रिमूर्ति कालोनी में होगा। साहित्यकार आनंद तिवारी पौराणिक कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। कार्यक्रम में स्वतंत्रता की बलिवेदी पर प्राणोत्सर्ग करने वाले भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु सहित सभी बलिदानियों को पुष्पांजलि देकर उनके व्यक्तित्व व राष्ट्रभक्ति की चर्चा होगी। यह जानकारी समिति के उपाध्यक्ष एसआर बंजारे ने दी है।

### ममता ठाकुर को बनाया गया नोडल अधिकारी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदाता जागरूकता एवं प्रशिक्षण के लिए उपयोग में लाए गए ईवीएम एवं वीवीपेट मशीनों के वीवीपेट पेपर स्लिप का श्रेडिंग मशीन के द्वारा नष्ट किए जाने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने तहसीलदार ममता ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### मिशन लाइफ अभियान विविध स्पर्धा भी होंगे

**महासमुंद।** नेहरू युवा केंद्र संगठन और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में महासमुंद जिले में नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित कुमार तिवारी के नेतृत्व में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक द्वारा अलग-अलग चिन्हित गांव के स्कूल और कॉलेज में मिशन लाइफ और ओडीएफ खुले में शौच मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, चित्रकला स्पर्धा, सेमिनार के माध्यम से युवाओं को मिशन लाइफ के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।

### कर्मचारियों की दो पालियों में लगाई ड्यूटी

**महासमुंद।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान प्राप्त ऑनलाइन शिकायतों का निराकरण सी विजिल सॉफ्टवेयर के माध्यम से करने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से आंशिक संशोधन करते हुए अधिकारी कर्मचारियों को नियुक्त किया है। इनकी दो पालियों में ड्यूटी लगाई गई है। दोपहर 3 बजे से रात 10 बजे तक करण सिंह प्राचार्य शाउमावि बिरकोनी तथा प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक दीक्षा पांडे ब्लॉक एनआरएम एक्सपर्ट जनपद पंचायत होंगे।

## सम्मेलन : गोहरापदर में भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

# बिन्द्रानवागढ़ ने हमेशा भाजपा को दिलाई जीत इस बार 50 हजार मतों का लक्ष्य : टंकराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद/ देवभोग/मैनपुर

भाजपा के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के ग्राम गोहरापदर में आयोजित किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा थे। सम्मेलन में उन्होने केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का बखान करते हुए कार्यकर्ताओ से इस बार लोकसभा चुनाव में बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से 50 हजार से अधिक मतों से बढ़त दिलाने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी, लोकसभा सह संयोजक संतोष उपाध्याय, पूर्व विधायक गोवर्धन सिंह मांझी, डमरूधर पुजारी सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर सम्मेलन को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा के देवतुल्य जनता और कार्यकर्ता के आर्शीवाद हमेशा भाजपा को मिलता रहा है। यहां के कार्यकर्ताओ के सक्रियता और अथक परिश्रम के बदौलत ही भाजपा महासमुंद लोकसभा में लगातार तीन बार कमल खिलाने में सफल रही है। यह विधानसभा हमेशा भाजपा के जीत का आधार रही है। उन्होने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में हम थोड़ा पीछे रह गए लेकिन लोकसभा चुनाव में कोई कसर नही छोड़नी है। इस विधानसभा से हमे ऐतिहासिक जीत दिलानी है। सम्मेलन में केन्द्र व राज्य सरकार की महती योजनाओं का जिक्र करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार महिलाओ को आगे बढ़ाने और प्रोत्साहित करने का काम रही है। नारी शक्ति वंदन योजना, महतारी वंदन योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होने कहा कि हमारे लिए गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने 400 पार का संकल्प पूरा करने हमे महिला प्रत्याशी दी है। इस बार बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा से सबसे अधिक बढ़त भाजपा को मिलनी चाहिए।



### आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बढ़ी अर्थव्यस्था

सम्मेलन में भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बिते 10 वर्षो में ऐतिहासिक और उल्लेखनीय कार्य हुए है। आज भारत दुनिया की तीसरी सबसे बढ़ी अर्थव्यस्था है। राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाना, तीन तलाक समाप्त करना, सर्जिकल स्ट्राइक, जैसे ऐतिहासिक निर्णय मोदी जी जैसे सशक्त नेतृत्व से ही संभव है। उन्होने कहा कि यह चुनाव देश के भविष्य और विकसित भारत के कल्पना को पूरा करने के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। मोदी जी के हाथो को मजबुत करने महासमुंद लोकसभा से भी कमल खिलाना है। अभी से सभी कार्यकर्ता इसके लिए जुट जाए।

### पूरी निष्ठा से काम करने का आव्हान

सम्मलेन में लोकसभा सह संयोजक संतोष उपाध्याय, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, विधानसभा प्रभारी महेंद्र पंडित, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश साहू ने भी संबोधित करते हुए कार्यकर्ता में उत्साह भरा। चुनाव में सभी कार्यकर्ताओ से एकजुट होकर पूरी निष्ठा से काम करने का आव्हान किया। इस अवसर पर सम्मेलन में प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पुनीत सिन्हा, जनपद अध्यक्ष मैनपुर नूरमति मांझी, देवभोग नेहा सिंघल, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, कुंज बिहारी बेहरा, मंडल अध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी, देवभोग लुरदाक्ष साहू, झाखरपारा सीताराम यादव, मैनपुर दुलार सिन्हा, गरियाबंद सुरेन्द्र सोनटेके, योगीमाखन कश्यप केनुराम यादव, पारस ठाकुर, निर्भय ठाकुर, जोरावर सिंह, खीरलाल नागेश, किशोर यादव, तानसिंह मांझी, देशबंधु नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आंधी तूफान से जन जीवन अस्त व्यस्त

## जगह-जगह बिजली के तार पेड़ पर गिरे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

अंचल में तेज आंधी तुफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। मंगलवार शाम चार बजे से जमकर बरसे बदरा जिससे लोगों को भारी नुक़सान उठाना पड़ा है। ग्राम मुड़ागांव, कोरासी, अकलवारा, सोरिद, साजापाली, भैरा, नवापारा, करचाली, देवसरा, द्वारतरा, बम्हनी, कुरेकेरा, बोईरगांव, पंक्तियां, जुनवानी, कनेसर, मड़ेली, ओनवा, खैरझिटी, पीपरहट्ठा, पाठशिवनी, परसदा खुर्द, बोड़राबाधा,करकरा, खड़मा, आदि ग्रामो में तेज आंधी तुफान से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया था। जगह- जगह बिजली के खम्भे तार पेड़ गिरे हुए थे। सड़क किनारे गांव गली के वृक्ष धराशाही हो गये वहीं आम से लदे वृक्ष की टहनियां टूटकर गिर गये। पूरी रात भर बिजली गुल रहा। महुआ के पेड़ टूटकर गिर गये जो इन दिनों अंचल के लोगों का आमदनी का जरिया बना हुआ है। खेतों में धान के पौधे पूरी तरह लिपट गये। रबी फसलों को भारी नुक़सान हुआ है। किसानों के रबि फसल के साथ सब्जी मटर, भटा, गिरा आदि की फसलें चौपट हो गई है। जंगली फल फूल ओलावृष्टि के चलते पुरी तरह नष्ट हो गये है। चार, तेंदू, महुआ व आम के फसलों को काफी नुक़सान हुआ है। बुधवार शाम ढलते ही आंधी बारिश शुरू हो जाती है। कहीं-कहीं आकाशीय बिजली भी गिरने की संभावना बनी रहती है। आंधी तूफान के चलते बिजली सप्लाई प्रायः बन्द हो जाती है। मार्च के महिने में तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ आंधी बारिश के चलते ठंड का अहसास हो रहा है।

# करकरा में आठवीं के छात्रों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला करकरा में कक्षा छठवीं एवं सातवीं के छात्रों द्वारा आठवीं के छात्रों के लिए बिदाई सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम के सरपंच कुमारी बाई ध्रुव एवं अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष थानेश्वर यादव ने की। विशेष अतिथि प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक दिलीप देवांगन थे। कार्यक्रम का संचालन मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक सुखीराम साहू ने किया। उन्होंने छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं आगे बढ़ ने के लिए प्रेरित किया। आठवीं के छात्रों को कलम भेंट किया गया एवं उनके द्वारा विद्यालय को गिफ्ट प्रदान किया गया। छात्रों के बीच मनोरंजक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ एवं बिदाई गीत प्रस्तुत किया गया। समारोह में प्रमुख रूप से सभी शिक्षक गण कुमेश ध्रुव, एल एन माडले, टुमन निषाद, गजेन्द्र कुमार साहू, रामेश्वर ध्रुव, रेणुका सोनी, पुष्पा ठाकुर, लखन निषाद, लिलेश पटेल का सराहनीय सहयोग रहा। छात्रों में जिविका पटेल, कंचन, रोशनी साहू, रीना, ललिता, यशपाल, नूतन, देवकुमार, अदिति, रुबीना, तनिषा, कविंद्र, केशरी, खुशबू का सहयोग रहा।

# न्योता भोज में बच्चों को अंगूर केला, खीर व सलाद परोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

संकुल केन्द्र जरगांव के अन्तर्गत माध्यमिक तथा प्राथमिक शाला नवाडिह जरगांव में संकुल केन्द्र जरगांव के समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव के द्वारा अपने जन्मदिन पर न्योता भोज दिया गया। सभी बच्चों तथा शाला प्रबंध समिति के सदस्यों को आमंत्रित कर पूजा अर्चना के पश्चात न्योता भोज खिलाया गया।



न्योता भोज से बच्चों में खुशी की लहर देखी गई। वहीं शाला प्रबंध समिति के सदस्यों ने भी कार्यक्रम की सराहना की। सामाजिक समरसता, प्रेम, सद्भावना को बढ़ावा देने का यह एक अच्छा माध्यम है। साथ ही बच्चों को पौष्टिक आहार भी प्राप्त हो रहा है। भोज में अंगूर, केला, खीर पुड़ी, सलाद परोसा गया। समिति के सदस्यों से अपील किया गया कि कोई भी सामाजिक कार्यकर्ता या व्यक्ति अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह, विवाह,तीज त्यौहार पर न्योता भोज बच्चों को प्रदान कर सकता है। अपनी खुशी बच्चों के साथ शेयर करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार प्रदान कर सकता है। कार्यक्रम में कन्हैयालाल यादव प्रधानपाठक, उपसरपंच बाबूलाल ध्रुव, रामाधार साहू, नरोत्तम ध्रुव, तिलक ध्रुव,शंकर विश्वकर्मा, रुपसिंह विश्वकर्मा, पुरुषोत्तम ध्रुव, प्रदीप पाण्डेय व्याख्याता, चुम्मन ध्रुव, विकास शुक्ला, अविनाश वर्मा, प्रेमनारायण ध्रुव, पुष्पा ध्रुव, रामेश्वरी मांझी, मदन ध्रुव, पुखराज ठाकुर, नरेंद्र ध्रुव, टामिन ध्रुव, बिसो बाई, मानकी बाई जासविन्द मार्कण्डेय, किर्तन, लोकनाथ साहू, लिमेश साहू, डिगेश्वरी दिवान आदि उपस्थित थे।

## पांडुका की शिक्षिका ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांडुका



कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका की शिक्षिका अर्चना शर्मा ने अपनी सुपुत्री अदिति के जन्म दिवस पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला की छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को न्योता भोज कराया। इसके अंतर्गत छात्राओं को चावल, दाल, पापड़, कढ़ी सब्जी एवं भाजी परोसा गया। इस स्वादिष्ट भोज का सभी छात्राओं ने आनंद उठाया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा यह अभिनव कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इस शाला में लगातार यह पांचवा भोज है। शाला के प्रधान पाठक एमएल तारक ने शिक्षिका को उनकी पुत्री के जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इस न्योता भोज के लिए शाला परिवार की ओर से उनका आभार व्यक्त किया।

## शिक्षिका युमिता ने कराया न्योता भोज

**मुड़ागांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कोरासी में शिक्षिका युमिता साहू एवं उनके पति बाबु लाल साहू ने अपने सुपुत्री कुमारी खुशी साहू जो नवोदय विद्यालय पांडुका में कक्षा छठवीं में अध्यनरत है। जिनके जन्म दिवस की अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला कोरासी के बच्चों को स्नेह, प्रेम भाव से न्योता भोज प्रदान किया गया एवं साथ ही कक्षा आठवीं में अध्ययन रत छात्र-छात्राओं को विदाई दिया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पूरन लाल निषाद, शिक्षक देवकरण सिंह ध्रुव, समन्वयक माधव ध्रुव, विनय वर्मा, दिपेश देवांगन, दुष्यन्त साहू, विनय बाघ कनिष्ठ यंत्री विद्युत विभाग



खडमा , सोहन साहू, फत्ते सिंह ध्रुव, प्रेमलाल दीवान, हिमेश्वर ध्रुव, प्राथमिक शाला के अध्यक्ष तारा बाई दीवान, भूमिका साहू शिक्षिका, दुलेश्वरी निषाद, नीरा बाई दीवान, हेमा दीवान, सुनैना ध्रुव आदि लोग उपस्थित रहे।

# बैठक में पेश हुआ आय व्यय का ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुड़ागांव(कोरासी)

छत्तीसगढ़ झेरिया निर्मलकर(धोबी) समाज छुरा राज जिला गरियाबंद का वार्षिक बैठक छुरा में सम्पन्न हुआ। जिसमें सर्व प्रथम संत गाडगे महाराज के छाया चित्र की पूजा अर्चना किया गया। फिर उसके बाद जिसमें वार्षिक बैठक में आय-व्यय का हिसाब एवं अन्य सामाजिक निर्णय पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रुप से संरक्षक द्वय रतन लाल निर्मलकर एवं ढेलू राम निर्मलकर, अध्यक्ष कुंदन निर्मलकर, उपाध्यक्ष संत राम निर्मलकर, सचिव तरुण कुमार निर्मलकर, सहसचिव, रिखी राम निर्मलकर, कोषाध्यक्ष अनिल निर्मलकर महामंत्री हेमनारायण निर्मलकर, प्रचार मंत्री पंकज निर्मलकर, पंच गण राम, पप्पु राम, झुमुकलाल, चैतू राम, लेखराम, गोकुल राम, भारत राम, अशोक निर्मलकर, समाज सेवक राखी राम एवं अन्य समाज गण उपस्थित थे।





